BIS Quality Systems Certification Scheme has been accredited by Raad voor Accreditatie (RvA), Netherlands for 23 major economic activities. The scheme is regularly audited by RvA to confirm compliance to the laid down requirements. During the period, RvA has carried out surveillance audit for the accreditation valid up to 14 Oct 2005.

खाद्यजनित हानि विश्लेषण और क्रान्त्रिक नियन्त्रण बिन्दु

खाद्यजनित हानि विश्लेषण और क्रान्त्रिक जोखिम विश्लेषण तथा नियन्त्रण बिन्दु एच.ए.सी.सी.पी. खाद्यान्न उत्पादन में सूक्ष्मजीवी तथा अन्य जोखिमों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिये तैयार की गई एक प्रक्रिया नियन्त्रण प्रणाली है। एच.ए.सी.सी.पी. का उपयोग पूरी खाद्यान्न श्रृखला– उत्पादक से अंतिम उपभोक्ता तक किया जा सकता है और यह योजना आई. एस. 15000 : 1998 खाद्य स्वास्थ्य विज्ञान एच. ए.सी.सी.पी. प्रणालियां तथा दिशा निर्देशों पर आधारित है जो तकनीकी रूप से कोडेक्स एलिमेंटेरियस स्टेडर्ड एलीनार्म. 97 खाद्यजनित हानि विश्लेषण और क्रान्त्रिक 13 ए के समकक्ष है। अभी तक एच.ए.सी.सी.पी. एकीकृत गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के तहत 48 कम्पनियों का प्रमाणीकरण किया गया है। प्रमाणीकरण के लिये अपनाई गई प्रक्रिया गुणता पद्धति प्रमाणन योजना की प्रक्रिया जैसी है। यह योजना निर्यातकों को खाद्य तथा खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में विशेष कर अमेरिका तथा यूरोप जैसे देशों को निर्यात के मामलों में मदद करेगी।

Hazard Analysis and Critical Control Point

Hazard Analysis and Critical Control Point (HACCP) is a process control system designed to identify and prevent microbial and other hazards in food production. HACCP can be applied throughout the food chain from primary producer to final consumer and the scheme is based on IS 15000:1998-'Food Hygiene-HACCP Systems and Guidelines' which is technically equivalent to the Codex Alimentarious Standard ALINORM-97/13A. Under the HACCP Integrated Quality Systems Certification Scheme, 48 companies have been certified so far. The process followed for certification is akin to the process of Quality Systems Certification Scheme. This scheme will help the exporters in the field of food and food products specially export to the countries like USA and Europe.

पर्यावरणीय प्रबंध पद्धति प्रमाणन

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आई. एस./आई. एस. ओ. 14001 : 1996 के अनुसार शुरू की गई पर्यावरणीय प्रबंध पद्धति की लोकप्रियता जारी है। वर्ष के दौरान 17 ई. एम. एस. लाइसेंस प्रदान किये गये, जिससे 31 मार्च 2003 को प्रचालित लाइसेंसों की संख्या बढ़ कर 78 हो गई। इन लाइसेंसों में एकीकृत इस्पात संयत्र, थर्मल पावर, संयंत्र, ऐरोनाटिक उद्योग, परमाणु ऊर्जा स्टेशन, वस्त्र, सीमेंट, बिजली तथा दूर–संचार केबल, पेट्रोलियम रिफाइनरी, कीट नाशक तथा औद्योगिक रसायन जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल हैं। ई. एम. एस. प्रमाणीकरण में रेल वैगन कार्यशाला, बैंक नोट प्रेस, लुबे ब्लैडिंग संयंत्र तथा कारपोरेट आफिस जैसे नए प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल हैं।



ENVIRONMENTAL MANAGEMENT SYSTEMS CERTIFICATION

Environment Management System (EMS) Certification Scheme launched by BIS as per IS/ISO 14001:1996, continues to be popular. During the year, 17 EMS licences have been granted, making a total of operative licences to 78 as on 31 March 2003. These licences cover technology areas like integrated steel plants, thermal power plants, aeronautical industries, atomic power stations, textiles, cement, electrical and telecommunication cables, petroleum refinery, insecticides and industrial chemicals. New technology areas like Railway Wagon Workshops, Bank Note Press, Lube Blending Plants and Corporate Office have been covered under EMS Certification .

व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबन्ध पद्धति प्रमाणन

भा मा ब्यूरो ने जनवरी 2003 में आई एस. 18001 : 2000 के अनुसार ओ.एच.एस.एम.एस. प्रमाणन शुरू किया जिससे एक संगठन कानूनी आवश्यकताओं और खतरों और जोखिमों के बारे में सूचना को ध्यान रखते हुये जिन्हें संगठन नियन्त्रित कर सकता है और अपने कर्मचारियों तथा अन्य लोगों, जिनका स्वास्थ्य तथा सुरक्षा इसके कार्यकलापों से प्रभावित है, के लिये नीति तथा लक्ष्य निर्धारित कर सकता है और प्रबन्धन कर सकता है। इस कार्यकलाप के अन्तर्गत ओ.एच.एस. एम. एस. प्रमाणन के लिये दो आवेदन पंजीकृत किये गये हैं।

Occupational Health and Safety Management System Certification (OHSMS)

BIS launched OHSMS certification as per IS 18001:2000 in January 2003, which essentially enables an organization to define, plan and manage a policy and objectives, taking into account legislative requirements and information about significant hazards and risks, which the organization can control and over which it can be expected to have an influence, to protect its employees and others, whose health and safety may be affected by the activities of the organization. Under this activity, two applications for grant of OHSMS certification have been registered.

प्रयोगशाला सेवाएँ

देश भर में फैला हुआ आठ भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं का जाल भा मा ब्यूरो प्रमाणित उत्पादों का अनुरूपता परीक्षण तत्संबंधी भारतीय मानकों के प्रति करने के लिए परीक्षण सेवाएं और परीक्षण संबंधी क्रियाकलाप उपलब्ध कराता रहा। वर्ष के दौरान, भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने विविध प्रकार के उत्पादों के लिए 31 183 परीक्षण रिपोर्टें जारी की और इस प्रकार जनशक्ति की कमी के बावजूद 30 000 नमूनों का समग्र लक्ष्य पार कर लिया। उच्च मूल्य के उत्पादों का परीक्षण भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं के भीतर करके दक्षता बढ़ाने के सतत प्रयासों के फलस्वरूप परीक्षित उत्पादों का परीक्षण मूल्य बढ़ कर 426.7 लाख रूपए हो गया, पिछले वर्ष की तुलना में 10 लाख रूपए की वृद्धि के तुलनात्मक आंकड़े आकृति 5 में दिए गए हैं।



आकृति 5 – भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं में परीक्षित नमूने

Fig 5 - Samples tested in BIS Laboratories

गुणता आश्वासन गतिविधियां

उत्तम प्रयोगशाला व्यवहारों के संचालन और प्रबंधन के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए गुणता प्रणाली प्रलेखन (गुणता मेनुअल, प्रक्रियाएँ, कार्य अनुदेश, फॉर्म और सूचियाँ) संशोधित तथा कार्यान्वित कर लिए गए हैं ताकि आई एस ओ/ आई ई सी 17025 की अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके और 'परीक्षण तथा अंशांकन के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड' (एन.ए.बी.एल) की कसौटियों को केंद्रीय प्रयोगशालाओं में भी कार्यान्वित किया जा रहा है। कार्यान्वित की गई गुणवत्ता प्रणाली का लेखा परीक्षण नियमित अंतरालों पर योग्यता प्राप्त एवं प्रशिक्षित उन लेखा परीक्षकों द्वारा किया जाता है जिन्होंने या तो एन ए बी एल प्रयोगशाला मूल्यांककों का पाठ्यक्रम या आई एस ओ 9000/ आई एस ओ 14000 प्रमुख मूल्यांककों का पाठ्यक्रम कर रखा है और जिन्हें प्रयोगशाला का अनुभव है।

प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय मान्यता प्रणाली

भा मा ब्यूरो केंद्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद को उसके जैविक, रासायनिक, वैद्युत तथा यांत्रिक परीक्षण अनुभागों के लिए और वैद्युत तथा यांत्रिक अंशांकन अनुभागों के लिए भी एनएबीएल मान्यता प्राप्त हो चुकी है। मुंबई (डब्ल्यू आर ओ प्रयोगशाला), कोलकाता (ईआरओ प्रयोगशाला), चेन्नई (एसआरओ प्रयोगशाला) और मोहाली (एन आर ओ प्रयोगशाला) स्थित चारों क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं को ओर बेंगलूर की शाखा कार्यालय प्रयोगशाला (बीएनबीओ प्रयोगशाला) को उनके यांत्रिक, रासायनिक तथा वैद्युत अनुभागों के लिए एनएबीएल द्वारा मान्यता दे दी गई है। आईएसओ/आई ई सी 17025 के कार्यान्वयन की जाँच एन.ए.बी.एल. द्वारा की जा रही है।

LABORATORY SERVICES

The network of eight BIS laboratories spread throughout the country, continued to provide testing services and test related activities to undertake conformity testing of BIS certified products against relevant Indian Standards. During the year, BIS laboratories covering a wide range of products issued 31 183 test reports, thus surpassing the overall target of 30 000 samples despite depleting manpower. Following concerted efforts to increase efficiency by testing high value products within BIS laboratories, the test value of products tested rose to Rs 42.67 million, an increase of Rs 1.00 million over the previous year. Comparative figures are as given in Fig. 5.

Quality Assurance Activities

Quality Systems documentation (Quality Manual, Procedures, Work Instructions, Form and Lists) covering all aspects of management and operation of good laboratory practices have been revised and implemented to meet the requirements of ISO/IEC 17025 and National Accreditation Board for Testing and Calibration (NABL) Criteria are under implementation in the Central Laboratory as well as all regional laboratories. The quality system as implemented is audited at regular intervals by qualified and trained auditors who have either undergone NABL laboratory assessors course or ISO 9000/ISO 14000 lead assessors course with laboratory experience.

National Accreditation System for Laboratories

BIS Central Laboratory, Sahibabad has already obtained NABL accreditation for its biological, chemical, electrical and mechanical testing sections as well as for electrical and mechanical calibration sections. The four regional laboratories situated at Mumbai (WRO Lab), Kolkata (ERO Lab), Chennai (SRO Lab), Mohali (NRO Lab) and branch office laboratory at Bangaiore (BNBO Lab) have been accredited by NABL for their mechanical, chemical and electrical sections. NABL is verifying the implementation of the ISO/IEC 17025.

भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाएँ भी एन ए बी एल मान्यता प्रणाली के संचालन के लिए संसाधन उपलब्ध करा रही हैं। उनके अनेक अधिकारी एनएबीएल द्वारा संचालित प्रयोगशाला मूल्यांककों का पाठ्यक्रम कर चुके हैं और आवश्यकता पड़ने पर मूल्यांकको के रूप में एनएबीएल की सहायता करते हैं।

BIS laboratories are also providing resources for operation of the NABL accreditation system in the country with a number of officers having undergone the Laboratory Assessor's Course conducted by NABL for assisting NABL as assessors, whenever required.

परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन

भा मा ब्यूरो अपने उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए अपनी परीक्षण प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए सतत प्रयास करता है। एसआरओ प्रयोगशाला, चेन्नई में एच टी लाइन को ऊर्जित कर दिया गया है और 125 के वी ए का एक जनरेटर सेट स्थापित किया गया है। केंद्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद में विद्युत आपूर्ति कंपनी द्वारा आपूर्ति की एक समर्पित लाइन मुकम्मल कर दी गई है। वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं में जिन उत्पादों के लिए परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं वे है :

सिंचाई उपस्कर–घूर्णी स्प्रिंक्लर, उत्सर्जक, छन्ना प्रकार के फ़िल्टर, प्रीकास्ट फेरोसीमेंट जल टंकियाँ, घुर्णी संचित पोलीइथाइनील जल भंडारण टंकियाँ, पॉलि प्रॉपिलीन रज्जु और, कृषि उद्देश्यों के लिए डीजल इन्जन का परीक्षण केंद्रीय प्रयोगशाला में फिर शुरू कर दिया गया है। अग्निशामक, मोटर, सीलिंग रोज, खाद्य मिश्रण आदि की परीक्षण सुविधाओं का उन्नयन किया गया है।



दक्षता परीक्षण

भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने एनएबीएल कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित विभिन्न मदों के दक्षता परीक्षण में भाग लिया और प्रशंसनीय परिणाम प्राप्त किए। जिन उत्पादों के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने भाग लिया वे हैं : मृदु स्टील की प्लेटों का तनन परीक्षण, स्टील का कठोरता परीक्षण, निम्न मिश्र धातु स्टील का रासायनिक परीक्षण, क्लोरोपाइरीफॉस ई सी और कीटनाशकों में अम्लता। विद्युत आयन का निपुणता परीक्षण सी एल द्वारा आयोजित किया गया है।

अंशशोधन सुविधाएँ

आंतरिक उपकरणों के अंशोधन के लिए भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाओं के पास लबाई, द्रव्यमान, दाब, धारा और प्रतिरोध आदि के क्षेत्र में अंशांकन सेवाएं उपलब्ध है।

Modernization and Upgradation of Test Facilities

BIS is constantly working to modernize and upgrade its testing laboratories to maintain its high standards. HT line at SRO lab, Chennai has been energized and a diesel generator set of 125 kVA has been installed. A dedicated line of supply by Electric supply company has been completed at the Central Laboratory, Sahibabad. The products for which testing facilities were created in BIS laboratories during the year include irrigation equipment-rotating sprinkler, emitters, strainer type filters, pre-cast ferro-cement water tanks, rotational moulded polyethylene water storage tanks, polypropylene ropes. Further, testing of diesel engine for agricultural purposes has been revived at Central Laboratory. The testing facilities of fire extinguisher, motors, ceiling rose, food mixture, etc have been upgraded.

Proficiency Testing

BIS laboratories participated in proficiency testing of various items organized under NABL programmes and obtained commendable results. The products for which BIS lab participated are tensile testing of mild steel plates, hardness testing of steel, impact testing of steel, shore hardness of vulcanized rubber, chemical testing of low alloy steel, chloropyriophos EC and acidity in pesticides. Proficiency testing of electric iron has been organized by CL.

Calibration Facilities

For the calibration of in-house instruments, BIS laboratories are having calibration services in the area of length, mass, pressure, current and resistance, etc.

भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला मान्यता योजना

भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला मान्यता योजना को अंतरराष्ट्रीय मानक आई एस ओ/आई ई सी 17025 'अंशशोधन और परीक्षण प्रयोगशालाओं की सक्षमता के लिए सामान्य अपेक्षाओं' के अनुरूप बनाने के लिए उसका पुनरीक्षण किया गया है। भा मा ब्यूरो ने वर्ष के दौरान बाहर की 16 प्रयोगशालाओं को मान्यता दी है, जिनकी सेवाओं का उपयोग मुख्यत: भा मा ब्यूरो प्रमाणन चिह्न योजना से बनने वाले नमूनों के परीक्षण के लिए किया जा सकता है। अब तक बाहर की कुल 120 प्रयोगशालाओं को मान्यता दी जा चुकी है। मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची भा मा ब्यूरो की वेबसाइट में डाल दी गई है।

एनटीएच के साथ सहयोग

राष्ट्रीय संसाधनों को बांटने की सरकारी नीति के अनुसार और नेशनल टेस्ट हाउस (एन.टी.एच.) की प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए भा मा ब्यूरो से एनटीएच की प्रयोगशलाओं को भेजे जाने वाले नमूनों की संख्या बढ़ा दी गई। एन.टी.एच. की प्रयोगशालाओं में परीक्षण किए गए नमूनों की संख्या 1 606 थी। भा मा ब्यूरो और एन.टी.एच. ने सिद्धांत रूप से उस सामान्य क्षेत्र की पहचान करने का निर्णय लिया है जिसका उपयोग भा मा ब्यूरो प्रमाणन के अंतर्गत नमूनों के परीक्षण, मापन उपस्कर के अंशांकन और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए किया जा सकता है।

सतर्कता गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो के सतर्कता विभाग का अध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी है और उसकी सहायता के लिए दो सतर्कता अधिकारी हैं। यह विभाग अन्य अभिकरणों के साथ निकट समन्वय में काम करता है यथा 'केंद्रीय सतर्कता आयोग', 'उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय' और 'कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग'। सतर्कता विभाग की गातिविधियाँ वार्षिक कार्य योजना के अनुसार चलाई जाती है। इस विभाग के मूल कार्य सतर्कता के निवारक, संसूचक और दंडात्मक पहलुओ के गिर्द घूमते हैं। सतर्कता विभाग द्वारा किए जाने वाले निम्नलिखित कार्य हैं:

क) ब्यूरो के कर्मचारियों की वार्षिक संपत्ति विवरणियों और चल तथा अचल संपत्तियों में अंतिम लेन-देन की संवीक्षा/जाँच करना, जब वे दाखिल करें।

ख) पदोन्नति पर विचार करने और बाहर के पदों के लिए भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों के आवेदन भेजने के लिए सतर्कता की अनुमति देना, जैसा विभाग/कर्मचारी द्वारा अनुरोध किया जाए।

ग) सतर्कता विभाग में आई शिकायतों की जाँच और पूरा अन्वेषण करना और यदि आवश्यक हो तो अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करना।

BIS Laboratory Recognition Scheme

BIS Laboratory Recognition Scheme has been revised to align with international standard ISO/IEC 17025 General requirements for competence of calibration and testing laboratories. BIS recognized 16 outside laboratories during the year for utilization of their services mainly to test samples generated from BIS Certification Marks Scheme. A total number of 120 outside laboratories have been recognized so far. A list of the recognized laboratories has also been put up on the BIS web site.

Cooperation with NTH

In line with Government policy for sharing of national resources and to increase cooperation with National Test House (NTH) laboratories, diversion of samples from BIS to NTH laboratories was stepped up. The number of samples tested in NTH laboratories was 1 606. BIS and NTH have decided in principle to identify common area which could be utilized for testing samples under BIS certification, calibration of measuring equipment and training of personnel.

VIGILANCE ACTIVITIES

Vigilance Department of BIS is headed by Chief Vigilance Officer and assisted by two Vigilance Officers. This department functions in close coordination with other agencies such as the 'Central Vigilance Commission', the 'Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution', and the 'Department of Personnel & Training'. The activities of Vigilance Department are organized in accordance with an Annual Action Plan. The key functions of this Department revolve around the preventive, the detective and the punitive aspects of vigilance. The work undertaken by Vigilance Department is as follows:

a) Scrutinize/examine the Annual Property Returns and final transactions in movable and immovable properties, as and when filed by the employees of the Bureau.

b) Grant vigilance clearances for considering promotions and forwarding applications of BIS employees for outside posts as requested by department/employee.

c) Examine complaints received in Vigilance Department and conduct thorough investigations and in case, it is called for, initiate disciplinary proceedings.

घ) भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों को आचार नियमावली, सी सी एस (सी सी ए) नियमावली और लागू होने वाले अन्य विभिन्न संबंधित नियमों/विनियमों तथा मेनुअलों के विभिन्न प्रावधानों के बारे में अवगत करना; और सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित सतर्कता कार्यशालाओं तथा संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों के माध्यम से भा मा ब्यूरो के कर्मचारियों में सतर्कता कार्य के महत्त्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना।

d) Apprise BIS employees about various provisions of the Conduct Rules, CCS (CCA) Rules and various other related Rules/Regulations and Manuals in operation; and create greater awareness about the importance of vigilance activity among the BIS employees through vigilance workshops and programmes on related subjects organized by the Vigilance Department.

ङ) भा मा ब्यूरो मुख्यालय और क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में भा मा ब्यूरो कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

e) Training programmes are also organized at BIS HQ and ROs/BOs on vigilance matters for imparting training to BIS officials.

च) केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशानुसार, हर वर्ष 31 अक्तूबर से 6 नवंबर तक भा मा ब्यूरो के मुख्यालय और क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' भी मनाया जाता है। इस अवधि के दौरान पोस्टर, बैनर तथा नारे प्रदर्शित किए जाते हैं और भ्रष्टाचार निरोध पर मौके पर नारा लिखने की प्रतियोगिताओं सहित कई गोष्ठियों/वाद-विवादों/निबंध लेखन प्रतियोगिताओं/नाटकों का आयोजन किया जाता है।

f) As per the directives of Central Vigilance Commission (CVC), 'Vigilance Awareness Week' is also observed from 31 October to 6 November every year at BIS Headquarters and Regional and Branch Offices. During this period, posters, banners and slogans are displayed and several seminars/debates/essay writing, competitions/plays on anti-corruption including on-the-spot slogan writing competitions are organized.

छ) भा मा ब्यूरो के लाइसेंसधारियों के साथ बैठकें भी आयोजित की जाती हैं ताकि उन्हें ब्यूरो के कामकाज में पारदर्शिता में और अधिक सुधार लाने हेतु सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए ओर भा मा ब्यूरो के किसी कर्मचारी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार/कदाचार की किसी घटना के बारे में सीधे प्रति-सूचना प्राप्त की जा सके। वर्ष 2002-03 के दौरान सतर्कता विभाग ने भा मा ब्यूरो लाइसेंसधारियों के साथ जालंधर, जयपुर, बेहराड और भिवाड़ी में बैठकें की थीं।

g) Meetings with BIS licensees are also organized in order to encourage them to give suggestions for further improving transparency in working of the Bureau and for receiving direct feedbacks for any instance of corruption/misconduct by an employee of BIS. During 2002-03, meetings with BIS licensees were organized by Vigilance Department at Jullundar, Jaipur, Behrod and Bhiwadi.

ज) 'सेवा उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं में पारदर्शिता' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी 12 जून 2003 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। संगोष्ठी का उद्घाटन श्री पी. शंकर, मुख्य सतर्कता आयुक्त ने किया था और अध्यक्षता श्री वजाहत हबीबुल्ला, सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग ने की थी। संगोष्ठी में भारत की प्रमुख सेवा उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं के मुख्य सतर्कता अधिकारियों ने भाग लिया था। इस अवसर पर 'परिवाद संभालने पर भारतीय मानक-संस्थाओं के लिए दिशानिर्देश' का मोचन भी किया गया था।

h) A National Seminar on 'Transparency in Service Providing Organizations' was organized on 12 June 2003 at New Delhi. The seminar was inaugurated by Shri P. Shankar, Chief Vigilance Commissioner; and presided over by Shri Wajahat Habibullah, Secretary, Department of Consumer Affairs. The seminar was attended by Chief Vigilance Officers of leading services providing organizations in India. On the occasion, Indian Standard on Complaint Handling–Guidelines for Organizations was also released.

सूचना सेवाएँ

तकनीकी सूचना सेवा केंद्र

तकनीकी सूचना सेवाएँ उद्योग, आयातकों, निर्यातकों, व्यक्तियों तथा सरकारी अभिकरणों को उनकी जिज्ञासाओं के उत्तर में उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में लागू होने वाले मानकों, तकनीकी विनियमों तथा प्रमाणन प्रणालियों के बारे में नवीनतम जानकारी से अवगत रखने के लिए बुलेटिन भी प्रकाशित किए जाते हैं। इस प्रयास में वर्ष 2002–2003 के दौरान 2 172 से अधिक जिज्ञासाओं का उत्तर दिया गया था।

डब्ल्यूटीओ / टीबीटी पूछताछ बिंदु

भा मा ब्यूरो भारत में डब्ल्यूटीओ / टीबीटी का निर्धारित राष्ट्रीय पूछताछ बिंदु है, अतः डब्ल्यूटीओ सचिवालय और डब्ल्यूटीओ के अन्य सदस्यों के साथ मानकों, तकनीकी विनियमों तथा अनुरूपता आंकलन प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी के आदान–प्रदान का समन्वय किया जाता है। वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो को अन्य सदस्य देशों से 527 अधिसूचनाएँ प्राप्त हुई। जिन्हें सर्व संबंधित की जानकारी के लिए 'स्टैण्र्डड मंथली एडशिन्स' और 'ई सी नार्म स्कैन' नामक बुलेटिनों में प्रकाशित कर दिया गया।

विश्व विनिर्माता अभिनिर्धारक (डब्ल्यू.एम.आई.–आई.एस.ओ. 3780) जारी करना

सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इन्जीनियर्स (एस ए ई), यू एस ए के साथ समन्वय में भा मा ब्यूरो भारत में ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं को आई एस ओ 3780 के अनुसार डब्ल्यू एम आई कोड जारी करने की जिम्मेदारी निभाता है। वर्ष के दौरान डब्ल्यू एम आई कोड के आवंटन के लिए चार आवेदनों पर कार्रवाई की गई थी।

वित्तीय संस्थाओं / बैंकों को पहचान संख्याओं का समर्थन

i) जारीकर्ता पहचान संख्या (आईआईएन–आईएसओ / आईईसी : 7812–1)

आई एसओ / आईईईसी 7812 था यह भाग अंतर्राष्ट्रीय विनियम में प्रयुक्त पहचान कार्डों के जारीकर्ताओं की पहचान के लिए एक संख्यांकन प्रणाली विनिर्दिष्ट करता है। यह संख्या प्रमुख उद्योग तथा कार्ड जारीकर्ता की पहचान करती है और पहचान संख्या का पहला भाग होती है। अमेरिकन बैंक एसोसिएशन –(ए.बी.ए.) के लिए बैंकों / वित्तीय संगठनों के आवेदनों को प्रायोजित करके भा.मा. ब्यूरों ने आई.एस.ओ. 7812–1 : 1993 (ई) के अनुसार आई.आई.एन. निर्गम को सरल बनाया। वर्ष के दौरान छह आईआईएन संख्याएँ जारी की गई हैं।

ii) संस्था पहचान कोड (आई आई सी–आई एस ओ 8583 : 1993 (ई))

आई आई सी एक अनन्य संख्या है जो अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (एबीए) द्वारा आई एस ओ के प्राधिकार के अंतर्गत आई एस ओ

INFORMATION SERVICES

Technical Information Service Centre

Technical Information Services are provided to industry, importers, exporters, individuals and government agencies in response to their enquiries. Bulletins are also published to keep them updated about the latest information on standards, technical regulations and certification systems applicable in international trade. In this endeavor, more, than 2 172 enquiries were responded during the year 2002-2003.

WTO/TBT Enquiry Point

BIS being the designated WTO/TBT National Enquiry Point in India, information exchange on standards, technical regulations and conformity assessment procedures with WTO Secretariat and other WTO members is coordinated. BIS received 527 notifications of other member countries during the year, which were printed in the bulletins 'Standards Monthly Additions' and 'EC Norm Scan' for information of all concerned.

Issue of World Manufacturer Identifier (WMI-ISO 3780)

In coordination with Society of Automotive Engineers (SAE), USA, BIS fulfils the responsibility of issuing the WMI Codes as per ISO 3780 to the automobile manufacturers in India. Four applications have been processed for the allotment of WMI Code during the year.

Sponsorship of Identification Numbers to Financial Institutions/Banks

i) Issuer Identification Number (IIN-ISO/IEC : 7812-1)

This part of ISO/IEC 7812 specifies a numbering system for the identification of issuers of identification cards used in International exchange. This is a number that identifies the major industry and the card issuer and forms the first part of the identification number. BIS facilitates the is of IIN as per ISO 7812-1 : 1993 (E) by sponsoring applications of Banks/Financial Organizations to the American Bankers Association (ABA). Six IIN numbers have been issued during the year.

ii) Institution Identification Codes [IIC-ISO 8583 : 1993 (E)]

IIC is a unique number assigned by American Bankers Association (ABA) under the authorization of ISO in

8583 : 1993 (ई) के अनुसार निर्धारित की जाती है। यह उस वित्तीय संस्था को दी जाती है जो वित्तीय–लेन–देन–कार्ड से प्रोद्मूत संदेशों में भाग लेती है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानक एक सांझा अंतः पृष्ठ विनिर्दिष्ट करता है जिसके द्वारा वित्तीय लेन–देन–कार्ड से प्रोद्मूत संदेशों का कार्ड के प्राप्तकर्ताओं और जारीकर्ताओं के बीच आदान–प्रदान हो सके। यह अंतर्राष्ट्रीय मानक 'बिट मैप' नामक एक अवधारणा का प्रयोग करता है जिसके द्वारा आंकड़ों के हर तत्व के लिए किसी नियंत्रण क्षेत्र में एक स्थिति सूचक निर्धारित हो जाता है।

iii) पंजीयित आवेदन प्रावधानकर्ता पहचानकर्ता (आरआईडी–आई एसओ/आईईसी 7816–5)

आरआईडी एक हार्डवेयर इन्डेक्स कोड है जिसका प्रयोग पहचान कार्डों – संपर्कों वाले समेकित परिपथ कार्डों–में किया जाता है। इसमें आवेदन, फाइल की ओर पथ तथा अन्य संबंधित आंकड़े होते हैं, जिसकी तुलना स्वविवेकी आंकडे और आवेदन टेम्पलेट के निष्पादन की तुलना की जा सके और यह आई एस ओ के प्राधिकार के अंतर्गत पंजीयन प्राधिकरण, कोपनहैगन, डेन्मार्क द्वारा आई एस ओ/आई ई सी 7816–5 : 1944 के अनुसार आवंटित किया जाता है। वर्ष के दौरान, एक आई टी कंपनी को दो आर आई डी आवंटित किए गए थे।

सूचना बुलेटिन

उपयोग–कर्त्ताओं को मानकीकरण और गुणता प्रणालियों पर उपलब्ध नवीनतम जानकारी से अवगत रखने के लिए वर्ष के दौरान निम्नलिखित बुलेटिन प्रकाशित किए गए थे :

(i) स्टैण्डर्ड्स वर्ल्डओवर मंथली एडीशन (मासिक)

(ii) मानकीकरण पर वर्तमान प्रकाशित जानकारी (मासिक)

(iii) ई सी नार्म स्कैन (ई सी के मानकीकरण समाचार) (त्रैमासिक)

डाटा बेस सेवाएँ

भा मा ब्यूरो ने उद्योग, आयातकों, तथा मानकों के निरूपण में लगे हुए सभी व्यक्तियों के लिए क्रेताओं की पथप्रदर्शिका, मानकों की ग्रंथ –सूची पर डाटाबेस उपलब्ध कराना जारी रखा।

i) *बायर्स गाइड*– यह भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना में शामिल उत्पादों का डाटाबेस है जिसमें लाइसेंस– धारी का नाम, पता, आई एस संख्या, लाइसेंस संख्या तथा उसकी वैधता, फर्म की स्थिति आदि दर्ज होती है। उपभोक्ता संस्थाओं, संबंधित उद्योग और व्यक्तियों द्वारा मांगे जाने पर उन्हें जानकारी उपलब्ध कराई



accordance with ISO 8583 : 1993 (E). It is assigned to a financial transaction card originated messages. This international standard specifies a common interface by which financial transaction card originated messages may be interchanged between acquirers and card issuers. This international standard uses a concept called bit map, whereby each data element is assigned a position indicator in a control field.

iii) Registered application provider identifier (RID-ISO/ IEC 7816-5)

RID is a hardware index code used in identification cards-integrated circuit(s) cards with contacts. It consists of the application, the path to a file and other related data compared to perform discretionary data and the application template and it is allotted in accordance with ISO/IEC 7816-5:1994 by the Registration Authority, Copenhagen, Denmark under the authorization of ISO. During the year, two RID were allotted to an IT company.

Information Bulletins

To keep the users abreast of the latest information available on standardization and quality systems, following bulletins were brought out during the year :

i) Standards Worldover Monthly Additions (Monthly)

ii) Current Published Information on Standardization (Monthly)

iii) EC Norm Scan (Standardiaztion News of EC) (Quarterly)

Database services

BIS continued to provide database on Buyers' Guide, Bibliography of standards to the industry, exporters and to those engaged in standards formulation.

i) Buyer's Guide - It is a database of products covered under BIS Certification Marks Scheme which includes name, address of the licensee, IS number, licence number with its validity, status of the firm, etc. The information was provided to the consumer organizations, concerned industry and individuals

जाती हैं। अब यह जानकारी भा मा ब्यूरो की बेबसाइट पर उपलब्ध है।

ii) *ग्रंथ सूची डाटाबेस* – भा मा ब्यूरो मांगे जाने पर अपने डाटाबेस के माध्यम से, जिसमें 217 600 से अधिक रिकार्ड हैं, विशिष्ट विषयों पर विश्व भर में मानकों की ग्रंथ–सूचियां उपलब्ध कराता रहा है।

डीजीएफटी अधिसूचना सं. 44 (आरई–2000) पर तकनीकी स्पष्टीकरण

डीजीएफटी ने अधिसूचना सं. 44 (आर ई–2000)/1997–2002 दिनांक 24 नवम्बर 2000 जारी करके 133 उत्पादों के भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने से पहले भा मा ब्यूरो प्रमाणन अनिवार्य कर दिया और नीति परिपत्र सं. 4 (आर ई–2001)/1997–2002 दिनांक 19 जून 2001 उल्लिखित किया गया है कि यह स्पष्टीकरण केवल भा मा ब्यूरो द्वारा जारी किया जाएगा कि कोई उत्पाद अधिसूचना 44, जो अब तक भा मा ब्यूरो मानकों पर लागू हैं, की परिधि में आता है या नहीं। भा मा ब्यूरो ने विभिन्न उत्पादों के 248 ऐसे मामलों पर स्पष्टीकरण जारी किए।

पुस्तकालय सेवाएँ

वर्ष के दौरान पुस्तकालय सेवा केंद्र (एलएससी) ने मुख्यालय में और मुंबई,कोलकाता, चंडीगढ़ तथा चेन्नई के अपने चार क्षेत्रीय कार्यालयों में भी अपने संग्रह में 4 300 पुस्तकों, विदेशी मानक निकायों द्वारा जारी मानक प्रकार के प्रलेखों और विभिन्न जानकार संस्थाओं तथा मानकीकरण के काम में लगी विदेशी संस्थाओं द्वारा जारी प्रकाशनों व मानकों की भी वृद्धि की है।

कंप्यूटर केंद्र द्वारा रखे गए 'मानक संदर्भिका' नामक विश्व मानकों के यंत्रीकृत डाटाबेस को अद्यतन करने के लिए पुस्तकालय आधारभूत जानकारी देता रहा। यहाँ प्राप्त सभी मानकों को डाटाबेस में डालने के लिए संहिताबद्ध कर दिया गया है जिसमें अब 328 000 से अधिक रिकार्ड हैं।

अपनी वर्तमान जागरूकता सेवाओं के अंग के रूप में एलएससी पुस्तकालय में प्राप्त सभी पुस्तकों की सूची मासिक आधार पर 'पुस्तकालय में वृद्धि–पुस्तकें तथा पैम्फलेट' नाम से प्रकाशित करता है। यह बुलेटिन आंतरिक प्रयोक्ताओं तथा पुस्तकालय के सदस्यों को वितरण के लिए है और यूनीवर्सल डैसीमल क्लासीफिकेशन (यू डी सी) से चुने गए विषयों के 120 स्थूल समूहों के अंतर्गत वर्गीकृत रूप में जानकारी प्रस्तुत करता है।



on demand. This information is now available on BIS website.

ii) Bilbliographic Database - BIS has been providing on demand bibliographies of standards worldover on specific subjects through its database containing more than 217 600 records.

Technical Clarification on DGFT Notification No. 44 (RE-2000)

DGFT issued a Notification No. 44 (RE-2000)/1997-2002 dated 24 November 2000 which made BIS certification mandatory for 133 products before they can enter into Indian market and a policy circular No. 4 (RE-2001)/1997-2002 dated 19 June 2001 stating that clarification, whether a product is covered with in the ambit of notification 44 or not, so far applicable to BIS standards. would only be issued clarification on 248 such cases on the different products.

Library Services

During the year, Library Services Centre (LSC), at the Headquarters and also at its four Regional Offices at Mumbai, Kolkata, Chandigarh and Chennai added to its collection 4 300 books, standards type documents issued by overseas standard bodies as well as publications and standards issued by various learned societies and foreign associations engaged in the work of standardization.

The Library continued to supply basic information for the updation of mechanized database of World Standards called 'Manak Sandarbhika' maintained by Computer Centre. All the standards received here were codified for inputting in the database which now comprises above 3 28 000 records.

As part of its current awareness services, LSC publishes on monthly basis list of all the books receied in the library, under the title 'Addition to the Library- Books and Pamphlots'. Thio bullotin is for circulation to in-house users and library members and presents information in classified form under 120 broad subjects groups selected from Universal Decimal Classification (UDC).

पुस्तकालय के विभिन्न कोटियों के वर्तमान सदस्यों में 1 400 व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इनमें से 439 सदस्य इसी वर्ष शामिल हुए हैं। व्यापार तथा उद्योग के प्रतिनिधियों ने और ब्यूरो के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने लगभग 21 534 प्रकाशनों/मानकों को देखा या जारी करवाया।

3 996 आगंतुकों के लिए संदर्भ सेवाओं की व्यवस्था की गई – विभिन्न विषयों की 12 व्यापक ग्रंथ–सूचियां बनाकर और उन्हें अपनी पसंद की संदर्भ सामग्री उपलब्ध करा के। संदर्भ इकाई ने ग्रंथ–सूचियाँ उपलब्ध करा के मानक निरूपण विभागों की पूरी मदद की। उसने दूर और पास से आई 2 535 जिज्ञासाओं का उत्तर देकर भारतीय व्यापार तथा उद्योग की सहायता की। एलएससी ने आईएसओ द्वारा प्रस्तुत 'मानकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण' (आईसीएस) के अनुसार प्रारूप भारतीय मानकों को संहिताबद्ध करने के लिए भी अपनी सेवाएँ दीं। वर्ष के दौरान 296 प्रारूपों को संहिताबद्ध किया गया।

अधिकारियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम जानकारी से अवगत रखने के लिए इस समय पुस्तकालय में 430 (लगभग) पत्रिकाएँ आती हैं। पुस्तकालय के सदस्य भी उनका प्रयोग करते हैं।

एलएससी ने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के पुस्तकालयों को पत्रिकाएँ और अन्य तकनीकी पुस्तकें उपलब्ध कराई। तकनीकी विभागों के अनुरोध पर एलएससी ने विदेशी मानकों के अनुवाद की भी व्यवस्था की।

प्रशिक्षण सेवाएँ

प्रशिक्षण संस्थान

उद्योग, सरकार तथा सेवा क्षेत्र की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो ने वर्ष 1995 में 'मानकीकरण और गुणता प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान' (एनआईटीएसक्यूएम) की स्थापना की थी। संस्थान ने वर्ष 2002–03 में 113 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनसे 2 416 सहभागियों ने लाभ उठाया। इन प्रशिक्षण कायक्रमों में शामिल विषय थे : एम आर कुशलताओं को बढ़ाना (आई एस ओ 9001 : 2000 रुपांतर), आईएसओ 9001 आंतरिक गुणता परीक्षक पाठ्यक्रम, हस्पताल तथा स्वास्थ्य रक्षा सेवाओं के लिए आई एस ओ 9000, आईएसओ 9000 के पार टी क्यू एम, आईएसओ 9000 जागरूकता, आई एस ओ 14000 जागरूकता, आई एस ओ 9000 प्रमुख परीक्षण पाठ्यक्रम, आई एस ओ 14000 प्रमुख परीक्षण पाठ्यक्रम, आई एस ओ 14001 आतरिक परीक्षण पाठ्यक्रम, आई एस 18001/ ओ एच एस एम एस 18001 ओ एच एण्ड एस एम एस आदि।

विदेशियों के लिए प्रशिक्षण

हर वर्ष की भांति, एनआईटीएसक्यूएम ने एशिया, अफ्रीका, यूरोप तथा लेटिन अमेरिका के विकासशील देशों के लिए 20 जनवरी से 14 मार्च

The library had 1 400 individuals and oganizations as current members of the library in various categories. Out of this 439 members have joined during this year. About 21 354 publication/standards were consulted or issued to the representatives of trade and industry as well as officers and staff of the Bureau.

Reference services were provided to 3 996 visitors by way of preparing 12 exhaustive subject bibliographies and making available the reference materials of their choice. The reference unit fully supported the standard formulation departments by providing the bibliographies. It assisted the Indian trade and industry by answering 2 535 long and short range queries received from them. LSC also provided its service for codifying draft Indian Standards as per International Classification for Standards (ICS) propounded by ISO. During the year, 296 drafts were codified.

At present library received 430 (approx) periodicals, to keep the officers abreast of the latest developments in science and technology. Members of the library are also using them.

LSC supplied journals and other technical boods to the Regional and Branch Offices Libraries. LSC also arranged translation of Foreing Standards on the request of Technical Departments.

TRAINING SERVICES

TRAINING INSTITUTE

Bureau of Indian Standards had set up National Institute of Training for Standardization and Quality Management (NITSQM) in the year 1995 to meet the training needs of Industry, Government and Service Sector. The Institute organized 113 training programmes and 2 416 participants benefited from these programmes during the year 2002-03. The topics covered by these training programmes were: Enhancing MR skills (ISO 9001: 2000 version), ISO 9001 Internal Quality Auditors Course , ISO 9000 for Hospital & Health Care Services, TQM Beyond ISO 9000, ISO 9000 Awareness, ISO 14000 Awareness, ISO 9000 Lead Auditor Course, ISO 14000 Lead Auditor Course, ISO14001 Internal Auditors Course, IS 18001/OHSMS 18001 OH&SMS,etc.

Training to Overseas Participants

Like every year, NITSQM organized the 35th International Training Programme on Standardization and Quality

2003 तक मानकीकरण और गुणता प्रणालियों पर 35 वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। 16 देशों से 29 लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम 1968 से हर वर्ष आयोजित किया जाता रहा है। अब तक ऐसे 35 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं और 73 विकासशील देशों से 753 लोग इस कार्यक्रम का लाभ उठा चुके हैं।

Systems from 20 January to 14 March 2003 for the developing countries of Asia, Africa, Europe and Latin America. 29 participants representing 16 countries attended the programme. The programme has been organized every year since 1968. So far 35 such programmes have been organized and 753 nominees from 73 developing countries have taken advantage of this programme.

भा मा ब्यूरो लाइसेंसधारियों/आवेदकों के लिए उत्पाद परीक्षण में प्रशिक्षण कार्यक्रम

भा मा ब्यूरो प्रयोगशालाएँ हर वर्ष उद्योग की, विशेषतः अपने लाइसेंसधारियों तथा आवेदकों की, सेवा के रूप में उनके परीक्षण कर्मचारियों को विभिन्न उत्पादों के परीक्षण में प्रशिक्षण देने के लिए अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती हैं। वर्ष 2002–03 के दौरान एक–समान परीक्षण व्यवहार अपनाने के लिए विनिर्माताओं को विभिन्न मदों के लिए परीक्षण व्यवहारों पर 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराए गए थे ताकि भा मा ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना को प्रभावी ढंग से चलाया जा सके।

Training Programme in Product Testing for BIS Licensees/ Applicants

Every year BIS laboratories, as a service to the industry, especially its licensees and applicants, organize short term training programmes to impart training in testing of various products to their testing personnel. During year 2002-03, 12 training programmes on testing practices for various items were provided to the manufacturers to adopt uniform testing practices so as to operate the BIS Certification Marks Scheme effectively.

उपभोक्ता संबंधित गतिविधियाँ

भा मा ब्यूरो अपने क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके और उपभोक्ता संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों की गतिविधियों के बारे में भाग लेकर भा मा ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ाता है। इन कार्यक्रमों के दौरान, भाग लेने वालों को विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों, भा मा ब्यूरो मानक मुहर के दुरूपयोग के लिए दंडों, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र आदि के बारे में जानकारी दी गई। वर्ष के दौरान ब्यूरो के मुख्यालय, क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों द्वारा कुल 109 कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

CONSUMER RELATED ACTIVITIES

BIS promotes consumer awareness regarding BIS activities by conducting consumer awareness programmes and by participation in seminars/workshops/conferences and exhibitions organized by consumer organizations through its network of regional and branch offices. During these programmes, participants were informed about various quality control orders, penalities for misuse of BIS Standard Mark, consumer protection act, consumer grievances redressal mechanism, etc. During the year, a total of 109 programmes were organized by Headquarters, Regional and Branch Offices of the Bureau.

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

भा मा ब्यूरो द्वारा क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के अपने नेटवर्क के माध्यम से मार्च 2003 में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया था। इस अवसर पर ब्यूरो के मुख्यालय और क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, पेनल चर्चाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया था। उन कार्यक्रमों में उपभोक्ताओं, उपभोक्ता संगठनों व शैक्षिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और भा मा ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

World Consumer Rights Day

The World Consumer Rights Day was celebrated by BIS through its network of ROs/BOs in March 2003. On the occasion, consumer awareness programmes, seminars, panel discussions, and exhibitions were organized at headquarters and Regional and Branch Offices of the Bureau. The programmes were attended by consumers, delegates consumer organizations, educational institutions and senior BIS officials.

उपभोक्ताओं के लाभ के लिए प्रकाशित विवरणिकाएँ

भा मा ब्यूरो द्वारा उपभोक्ता हित के विषयों पर चौदह विवरणिकाएँ प्रकाशित की गई हैं। इनमें से कुछ का अनुवाद तथा मुद्रण विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में किया गया है जैसे असमिया, तमिल, गुजराती, मराठी, तेलुगु तथा मलयालम।

Brochures published for the Benefit of the Consumer

Fourteen brochures have been brought out by BIS on the subjects of consumer interest. Some of these have been translated and printed in regional languages like Assamese, Tamil, Gujarati, Marathi, Telugu and Malayalam.

जनता की शिकायतें

भा मा ब्यूरो प्रमाणित उत्पादों के बारे में प्राप्त शिकायतों की हर माह समीक्षा व निगरानी की जाती है ताकि शिकायतकर्ताओं का समाधान जल्दी किया जा सके। इस अवधि के दौरान 76 शिकायतें रजिस्टर की गई और कुल 84 शिकायतों को निबटाया गया और 31 मार्च 2003 को बकाया शिकायतों की संख्या 36 थी।

Public Grievances

Complaints regarding BIS certified products received from consumers are being reviewed and monitored every month to provide speedy redressal to the complainants. During the period, 76 complaints were registered and overall 84 complaints were closed, bringing down the pending complaints to 36 as on 31 March 2003.

सुझाव योजना

सतत सुधार के लिए भा मा ब्यूरो की सुझाव योजना को जनवरी 2002 में फिर शुरू कर दिया गया ताकि ब्यूरो के कामकाज में और सुधार लाया जा सके। वर्ष के दौरान कुल 30 सुझाव प्राप्त हुए थे।

Suggestion Scheme

For continual improvement, suggestion scheme of BIS was revived in January 2002 for further improvement in working of the Bureau. During the year, a total of 30 suggestions were received.

उपभोक्ता नीति सलाहकार समिति

उपभोक्ता नीति सलाहकार समिति की चौथी बैठक 25 फरवरी 2003 को हुई थी। बैठक के दौरान उपभोक्ताओं के हित के लिए भा मा ब्यूरो की गतिविधियों पर चर्चा की गई थी। समिति ने निर्णय लिया कि भा मा ब्यूरो की तकनीकी समितियों में उपभोक्ता संगठनों/उपभोक्ताओं को अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाए।

नागरिक चार्टर

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डी ओ पी टी), प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत मंत्रालय द्वारा अनुमोदित भा मा ब्यूरो का नागरिक चार्टर छप गया है। भा मा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों के लिए चार्टर में विनिर्दिष्ट समय मानकों को मुख्यालय में एक बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिया गया है। क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों को भी कहा गया है कि चार्टर में विनिर्दिष्ट समय मानकों को प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित कर दिया जाए।

Consumer Policy Advisory Committee

4th Meeting of Consumer Policy Advisory committee was held on 25 February 2003. During the meeting, activities of BIS for the benefit of consumers were discussed. The Committee decided for giving more representation to consumer organizations/ consumers on the Technical Committees of BIS.

Citizen Charter

BIS Citizen Charter approved by Department of Personnel & Training (DOPT), Ministry of Adminstrative Reforms & Public Grievances has been printed. Time Norms specified for various activities of BIS in the Charter has been displayed on a board at HQs. ROs and BOs have also been advised for display of time norms specified in the Charter at prominent place.



अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आई एस ओ) और अंतर्राष्ट्रीय वैद्युत–तकनीकी आयोग (आई ई सी) के नीति–निर्धारक निकायों और तकनीकी समितियों की गतिविधियों में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण परिदृश्य में अपना प्रयास जारी रखा। ब्यूरो ने 2002–03 की अवधि के लिए आईएसओ परिषद् के सदस्य के रूप में अपने दायित्व पूरे किए और भारत द्वारा संभाली जा रही आईएसओ समितियों के सचिवालयों के उत्तरदायित्वों को निभाना भी जारी रखा। अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध मज़बूत करने की दिशा में भी ब्यूरो ने अपनी कोशिशें जारी रखीं।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियों का ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है :

भा मा ब्यूरो के विदेशी शिष्ट मंडल

भा मा ब्यूरो ने आई एस ओ /आई ई सी की विभिन्न तकनीकी समितियों तथा उप–समितियों में प्रतिनिधित्व करना जारी रखा। भा मा ब्यूरो के अधिकारियों ने सचिवालय के उत्तरदायित्वों को निभाया और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया यथा आई एस ओ/टी सी 113 "जलमितीय निर्धारण" तथा उसकी उप–समितियों की बैठकें, आई एस ओ/टी सी 207 "पर्यावरणी प्रबंधन", टी बी टी–संबंधित तकनीकी सहयोग के बारे में विशेष कार्यशाला और डब्ल्यू टी ओ द्वारा आयोजित टी बी टी समिति की बैठक, और लारेंस बर्कले नेशनल लेबोरटरी (एनबीएनएल), वाशिंगटन डी सी द्वारा आयोजित मानकों तथा लेबलिंग पर एक अध्ययन यात्रा। नेपाल ब्यूरो ऑफ स्टॅण्डर्डस एंड मेट्रोलोजी (एन बी एस एम) के लिए आई एस ओ 9000 हेतु प्रमुख परीक्षकों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसके लिए भा मा ब्यूरो अधिकारियों ने संकाय का काम किया।

विदेशों में प्रमाणन

भा मा ब्यूरो के अधिकारी उन आवेदक इकाइयों के कारखाना परिसरों के प्रारंभिक आंकलन के लिए दक्षिण कोरिया और नेपाल गए जिन्होंने भा मा ब्यूरो मानक मुहर के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था।

भा मा ब्यूरो के अधिकारी भा मा ब्यूरो तथा एन बी एस एम के बीच एक पारस्परिक मान्यता समझौते का अनुसरण में नेपाल ब्यूरो ऑफ स्टॅण्डर्डस एंड मेट्रोलोजी (एन बी एस एम) में भी गए।

INTERNATIONAL ACTIVITIES

